# कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
# गरियाबंद वनमण्डल, गरियाबंद

फोन - 07706-296148 Email - mdgariyaband@gmail.com

क्रमांक/स्थापना/ 2441 गरियाबंद, दिनांक 18/.07../2024

## -:: विज्ञापन ::-

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद के प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधक पद के रिक्त पद के भर्ती करने के लिए योग्य उम्मीदवारों से दिनांक **21/08/2024** समय 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में **प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद** के नाम से संबोधित हो एवं सीधे जिला यूनियन कार्यालय में जमा करें अथवा रजिस्टर एडी/स्पीड पोस्ट से भेजा जावें ।

| क्र. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम | पद्नाम | कुल रिक्त पद | आरक्षित वर्ग | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़/ गांव का नाम जहां के निवासी से आवेदन प्राप्त होना है । | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है । |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लाटापारा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | कैंटपदर, बरकानी, घुमरगुड़ा, चिंगराभाठा, सुकलीभाठा, धूपकोट, पीटापारा, तुवासमाल, खुटगांव, गोहेकेला, दरलीपारा,घोघर,लाटापारा, फुण्डेलपारा, गोहरापदर | प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.) |
| 2 | बेगरपाला | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बेगरपाला, मरदाकला, कुर्राबाहरा, सिकासार, पोंडडीह, नगरार, टोरीभुंई | |
| 3 | जरण्डीह | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | जरंडीह, बोड़ापाल, हरदीबाय, चिन्दाभाठा, ओंड़, हथौड़ाडीह, आमामोरा, कुकरार | |
| 4 | जोबा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | जोबा, उर्तुली, केराबाहरा, भीरालाठ, आमदी, जैतपुरी, अंदोरा, हसौदा, देवरीबाहरा | |
| 5 | अकलवारा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | अकलवारा, नवापारा, अमलोर, नागिनबाहरा, विजयपाल , बिरनीबाहरा | |
| 6 | अमेठी | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | अमेठी , करपीदादर, झबलीबाहरा, नांगझर, सोरिद, फिंगेश्वरी, कसेकेरा, साजापाली, लोहझर, गोदलाबाहरा | |
| 7 | फिंगेश्वर | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बोरसी, बिजली, रवेली, चैतरा, पुरेना, बिनौरी, गदहीडिह, परसदा, खुड़सा, बोरिद, सरकड़ा, खैरझिटी, तरजुंगा, गुण्डरदेही, बनगंवा | |

1. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि **21/08/2024 शाम 5 बजे तक**
2. आवेदन पत्रो की जांच **27/08/2024 तक**
3. वरीयता सूची का प्रकाशन की तिथि **30/08/2024** (जिसे वनमण्डल/जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या. गरियाबंद कार्यालय के सूचना पटल पर एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ मर्या. रायपुर के वेबसाइट www.cgmfpfed.orgएवं कलेक्टर जिला गरियाबंद के बेबवाइट gariaband.gov.in पर देखा जा सकेगा।
4. दावा आपत्ति की तिथि **15/09/2024** सायं 3 बजे तक (जिला यूनियन गरियाबंद कार्यालय में)
5. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं आयु सीमा, अन्य अर्हताएं, चयन प्रक्रिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या. गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ रायपुर के वेबसाईट www.cgmfpfed.org ,एवं कलेक्टर जिला गरियाबंद के बेबवाइट gariaband.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

**प्रबंध संचालक**
**जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद**

## प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति में प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं चयन प्रक्रिया

**(अ) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं :-**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी ।
2. अभ्यर्थी का संस्था (समिति) क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा ।
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था(समिति) क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व के पांच वर्ष में से कम से कम तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो ।
4. अभ्यर्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक होगा ।

**(ब) आयु सीमा :-**

चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पुरी करनी होगी अर्थात् :-

1. 1 जनवरी 2024 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम अथवा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गो (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
3. छत्तीगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम 1997 के प्रावधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अजजा/अजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिकों को छ.ग.शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी ।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गो के अधीन आयु में छूट दिये जाने के उपरान्त भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी ।

**(स) अन्य अर्हतायें :-**

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायाफ्ता न हो ।
3. छ.ग.सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अन्तर्गत किसी संचालक का परिभाषित संबंधी न हो ।

**(द) चयन प्रक्रिया :-**

1. प्रबंधक पद पर चयन हेतु कुल 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेगें :-

   **(क)** 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जावेगें (अधिकतम 100 अंक) । (उदाहरणार्थ - यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है तो उसे 75.5 अंक दिये जावेगें)

   **(ख)** स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे (अधिकतम-20 अंक) (उदाहरणार्थ 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेंगें)

**(ग)** छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता **प्राप्त किसी संस्था से** कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/डिग्री हेतु अधिक**तम 5 अंक दिए जायेगें** । सर्टिफिकेट/डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक **दिये जायेगें** ।

**(घ)** नियम के अंतर्गत जिला **युनियन द्वारा उम्मीदवारों की** प्रावीण्य सूची बनाई जायेगी। प्रावीण्य सूची में यदिएक से अधिक उम्मीदवारों को बराबर अंक प्राप्त हैं, तो आयु में वरिष्ठता के आधार पर उम्मीदवार को वरिष्ठता प्रदान की जावेगी।

**(इ) नियुक्ति हेतु प्रक्रिया :-**

1. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिए चयनित अभ्यर्थी का पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा ।
2. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा। इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा साल्वेंसी के रूप में संस्था में जमा करना होगा ।
4. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा । तत्पश्चात उसे नियमित किया जायेगा ।

**(फ) वेतन -**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्या. रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा ।

**(ग) यात्रा भत्ता -**

प्रबंधकों को संघ द्वारा स्वीकृत दरो पर यात्रा भत्ता देय होगा ।

प्रबंध संचालक
जिला **वनोपज** सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद

# आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो

राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो सत्यापित करावें

प्रति,

**प्रबंध संचालक**
**जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित,**
**गरियाबंद,**

आवेदित पदनाम :- ..................................
समिति का नाम :- ..................................

1. आवेदक का नाम ..................................................
2. पिता/पति का नाम ..................................................
3. जन्म तिथि (अंको में) ..................................................
   (शब्दो में) ..................................................
4. दिनांक 01/01/.2024 की स्थिति में आयु .......... वर्ष .......... माह ............दिन
5. जाति वर्ग (अना./अ.जा./आ.ज.जा./अ.पि.वर्ग) ..................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र)
   की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

1. स्थायी पता ..................................................
   ..................................................
   ..................................................
2. डाक व्यवहार का वर्तमान पता एवं ..................................................
   टेलीफोन नम्बर ..................................................
   ..................................................
3. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ..................................................
   (हां/नही) (यदि हां, तो प्रमाण-पत्र की
   सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
4. लिंग (महिला/पुरूष)

| पुरूष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवाहित | अविवाहित | विधुर | विवाहित | अविवाहित | विधवा/परित्यक्त्या/तलाकशुदा |
| | | | | | |

5. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि..................................................
6. जीवित बच्चों की संख्या ..................................................
7. रोजगार कार्यालय का नाम ..................................................
   जीवित पंजीयन क्रमांक / दिनांक ..................................................

8. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :-

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम | कुल प्राप्तांक | श्रेणी | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

9. कार्यानुभव :-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्यालय का नाम | कार्यावधि |
|---|---|---|---|
| | | | |

10. वर्तमान तथा पूर्व शासकीय सेवा का विवरण ..........................................

अ. नियोक्ता कार्यालय का नाम ..........................................

ब. धारित पद का नाम एवं वेतनमान ..........................................

11. यदि अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाना/न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है ? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें । ..........................................

12. तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्षवार जानकारी

| वर्ष 2020 | | वर्ष 2021 | | वर्ष 2022 | | वर्ष 2023 | | वर्ष 2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या |
| | | | | | | | | | |

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा-पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूं कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है । इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी ।

दिनांक ..................

स्थान ..................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**संलग्न सत्यापित सहपत्रों का विवरण (संलग्न किए गए सहपत्र पर सही √ का निशान लगावें)**

1. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र ☐
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीद्वारों का जाति प्रमाण-पत्र ☐
3. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र ☐
4. रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र ☐
5. तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड ☐

**आवेदक के हस्ताक्षर**